भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1745
गुरूवार, 3 अगस्त, 2023/12 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

केरल में पर्यटन की नई परियोजनाएं

1745 श्रीमती पी. टी. उषा:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार केन्द्रीय प्रायोजित योजना स्वदेश दर्शन के माध्यम से केरल में पर्यटन की नई परियोजनाएं शुरू करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) केरल में स्वदेश दर्शन के अब तक कार्यान्वित कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने पर्यटन क्षेत्र विशेषकर पर्यटन के विकास की संभावना वाले अनन्वेषित क्षेत्रों में पर्यटन की संभावना का दोहन करने हेतु देश और केरल में पर्यटन परियोजनाओं की व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए स्वदेश दर्शन योजना की प्रभावशीलता के संबंध में कोई अध्ययन कराया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन नामक अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के तहत केरल राज्य में 5 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। जिसका विवरण अनुबंध में दिया गया है। पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी एवं जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 का नया रूप दिया है और केरल राज्य में एसडी 2.0 योजना के अन्तर्गत विकास हेतु 'कुमारकोम' तथा 'कोझिकोड' (बेपोर) को गंतव्यों के रूप में चिह्नित किया है।

पर्यटन मंत्रालय ने राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) के माध्यम से जुलाई 2019 में 'स्वदेश दर्शन' योजना का तृतीय पक्ष प्रभाव मूल्यांकन करवाया जिसमें स्वदेश दर्शन की चयनित 10 परियोजनाओं का विस्तृत फील्ड अध्ययन शामिल था। केरल में स्वीकृत आध्यात्मिक परिपथ परियोजना के सम्बन्ध में इस अध्ययन में यह उल्लेख है कि पर्यटन विकास, तीर्थयात्रा सुगमता और आय एवं रोजगार सृजन पर इस परियोजना का अच्छा प्रभाव होगा। इस अध्ययन में यह कहा गया है कि इस बात के पर्याप्त साक्ष्य हैं कि स्वदेश दर्शन योजना ने पर्यटक अवसंरचना को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है और इसमें स्थानीय रोजगार सृजन की पर्याप्त क्षमता है। इसके अतिरिक्त यह भी उल्लेख किया गया है कि यह योजना निर्माण के चरण में स्थानीय समुदायों के लिए आजीविका के अवसरों को बढ़ाने और रोजगार सृजित करने में सफल रही है।

****

अनुबंध

केरल में पर्यटन की नई परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 03.08.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1745 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

केरल राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची।

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1.	ईको परिपथ 2015-16	पत्तनमतिट्टा - गावी - वागामोन – तेक्कडी का विकास	64.08
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	सबरीमाला - एरुमेली - पंपा - सन्नीधानम का विकास	54.88
3.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्री पद्मनाभ मंदिर, अर्नामुला का विकास	78.08
4.	ग्रामीण परिपथ 2018-19	मलानाड, मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35
5.	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	सिवागिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रामणिया - चेंबाझांती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	66.42

******